## संपादकीय

# अमन का अभिनंदन

भले ही भारत द्वारा पाक पोषित आतंकवाद को वैश्विक विमर्श बना देने और कूटनीतिक मोर्चे पर सफलता हासिल करने के बाद ही पाकिस्तान प्रधानमंत्री इमरान खान अमन की भाषा बोल रहे हों, लेकिन फिर भी यह दोनों देशों के हित में ही है। नियंत्रण रेखा पर टकराव के चलते दुर्घटनाग्रस्त मिग के पाकिस्तान जा पहुंचे पायलट विंग कमांडर अभिनंदन को बाइज्जत भारत लौटाने का वादा कर इमरान सरकार ने सार्थक पहल की है। यद्यपि पाकिस्तान गिरफ्तार सैन्य अधिकारियों से व्यवहार के बाबत वियना संधि के प्रावधानों से बंधा हुआ है, मगर विगत में भारत के अनुभव अच्छे नहीं रहे हैं। यहां तक कि कारगिल युद्ध के दौरान पाक के कब्जे में आये भारतीय पायलेट नचिकेता को एक सप्ताह बाद भारत भेजा गया था। अभिनंदन की गिरफ्तारी के वीडियो जारी करने और मीडिया के सामने प्रस्तुत करने का भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा प्रतिवाद किया था। यहां तक कि अभिनंदन से मारपीट करने व उनके हाथ-पैर बंधे होने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। बहरहाल, जैसा कि इमरान खान ने पाक संसद में कहा है कि हम अमन की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं और पायलट को मानवीय आधार पर रिहा कर रहे हैं, उसका स्वागत ही किया जाना चाहिए।

भारत तो हमेशा ही शांति का पक्षधर रहा है। मगर अतीत के अनुभव बताते हैं कि मेज पर तो अमन की बात हुई हैं मगर हकीकत में पाक अपनी खुराफातों से बाज नहीं आया है। कहीं न कहीं पाक की जमीन से आतंक की नर्सरी फलने-फूलने की हकीकत दुनिया की समझ में आने के बाद पाक अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है। पाकिस्तान द्वारा कई दशकों के मुखर विरोध के बावजूद भारत को इस्लामिक देशों के संगठन आईओसी में निमंत्रण मिलना भारत की सबल होती वैश्विक छवि का ही परिचायक है। इस बार भारत संगठन सम्मान पा रहा है और पाकिस्तान विरोध स्वरूप इसमें शामिल नहीं हो सका। दूसरे अब पाक के सरपरस्त रहे अमेरिका से भारत की निकटता और जर्जर आर्थिक हालात भी पाकिस्तान को अमन राग अलापने को बाध्य कर रहे हैं। निःसंदेह अमन कायम होना भी चाहिए। पाक सोचे कि उसकी जमीन से आतंकवाद को प्रश्रय न मिले। खुद भी तरक्की करे और भारत को भी उन्नति की राह से भटकाने की कोशिश न करे। वार्ता से पहले कुछ ठोस कदम उठाने भी जरूरी हैं ताकि आगे बातचीत का माहौल बने। वैसे पाकिस्तान को भी इस बात का बखूबी अहसास है कि भारत-पाक संबंधों की दशा-दिशा आगामी आम चुनावों के परिणाम द्वारा ही तय होगी।

# देश में करोड़पतियों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ रही है अरबपतियों की संख्या

नई दिल्ली (आरएनएस)। 2018 में देश में कुल करोड़पतियों की संख्या बढ़कर 3,26,052 तक पहुंच चुकी थी। यह पिछले पांच वर्षों के मुकाबले 30 प्रतिशत ज्यादा है। उधर, अल्ट्रा हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स (यूएचएन डब्ल्यू आई) की संख्या बढ़कर 1,947 हो गई। यूएच एन डब्ल्यू आई की कैटिगरी में वे महाअमीर आते हैं जिनका नेट वर्थ यानी वैसे 2 अरब रुपये से ज्यादा होता है और 2013 से 2018 के बीच ऐसे महाअमीरों की तादाद में 24 प्रतिशत बढ़ी है।

पिछले एक साल (2017-18) में देश के अल्ट्रा हाई नेट वर्थ



इंडिविजुअल्स की संख्या 7 प्रतिशत जबकि करोड़पतियों की तादाद 6 प्रतिशत बढ़ी। नाइट फ्रैंक वेल्थ रिपोर्ट 2019 के आंकड़े बताते हैं कि अगले पांच वर्षों (2018-23) में भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 39 प्रतिशत बढ़कर 2,697 जबकि करोड़पतियों की तादाद 35 प्रतिशत बढ़कर 4,38,779 होने का अनुमान है। 2018 में रूस और भारत में करोड़पतियों एवं महाधनवानों की संख्या की वृद्धि दर सबसे ज्यादा रही। इतना ही नहीं, 2018-23 के बीच करोड़पतियों एवं महाधनवानों, दोनों श्रेणियों के अमीरों की संख्या वृद्धि के लिहाज से भारत रिपोर्ट में शामिल सभी 41 देशों में से सबसे आगे रहेगा। यह वृद्धि एशिया के साथ-साथ विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा रहने वाली है। तब तक मुंबई 797 जबकि दिल्ली 211 महाधनवानों के साथ देश में क्रमशः पहले और दूसरे नंबर पर होंगे।

# 25 मार्च से डीडीए की नई हाउसिंग स्कीम में करें ऑनलाइन आवेदन

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विकास प्राधिकरण (दिल्ली डिवेलपमेंट अथॉरिटी यानी डीडीए) की वर्ष 2019 के लिए नई आवासीय योजना (हाउसिंग स्कीम) का इंतजार खत्म हो गया है। 25 मार्च से नई स्कीम के लिए आवेदन मंगाए जाएंगे। इसका ड्रॉ लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के बाद निकाला जाएगा। योजना से संबंधित पूरी जानकारी डीडीए की वेबसाइट पर मिलेगी।



डीडीए के अधिकारी ने बताया कि नई हाउसिंग स्कीम में फ्लैटों की संख्या 10,370 से बढ़ाकर करीब 18 हजार हो गई है। इनमें 7,500 आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (इकनॉमिकली बैकवर्ड सेक्शन यानी ईडब्ल्यूएस), 8,800 फ्लैट्स कम आय समूह (लो इनकम ग्रुप यानी एलआईजी), 2,250 फ्लैट्स मध्यम आय समूह (मिनिमम इनकम ग्रुप यानी एमआईजी) और 450 फ्लैट्स उच्च आय समूह (हाई इनकम ग्रुप यानी एचआईजी) के लिए आवंटित हैं। इनमें अधिकतर फ्लैट्स नरेला और वसंत कुंज में हैं। आवेदन करने के लिए एक माह से ज्यादा का समय दिया गया है। इसका ड्रॉ जून/जुलाई में निकलेगा। इसके साथ ही फ्लैट्स आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# मार्केट में आने वाला है 20 रुपये का सिक्का, बेहद अलग होगा डिजाइन

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आने वाले कुछ दिनों में 20 रुपये का सिक्का जारी करने जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह सिक्का मार्केट में चल रहे मौजूदा सिक्कों के डिजाइन से काफी अलग होगा।



इसको लेकर वित्त मंत्रालय की तरफ से भी ऐलान कर दिया गया है। ध्यान देने वाली बात ये है कि 20 रुपये का सिक्का गोलाकार नहीं होगा। यह एक पॉलीगॉन आकार में होगा। इस सिक्के के 12 सिरे होंगे। हालांकि अभी सरकार ने इस सिक्के का डिजाइन जारी नहीं किया है।

इससे पहले आरबीआई ने मार्च 2009 में 10 रुपये का पहला सिक्का जारी किया था। इसके बाद किसी और करेंसी का सिक्का जारी नहीं किया गया।

हालांकि पहले से चलन में रहे एक, दो, पांच और 10 रुपये के सिक्कों के नए डिजाइन जारी होते रहे। ध्यान रहे कि 10 रुपये के बाजार में करीब 13 अलग-अलग डिजाइन के सिक्के चलन में हैं। ऐसे में लोगों में इन सिक्कों को लेकर के पहले काफी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी।

# सरकार ने ग्रैच्युइटी पर दोगुनी कर दी टैक्स छूट

## अब 20 लाख तक की आमदनी टैक्स फ्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने बुधवार को बताया कि ग्रैच्युइटी के लिए टैक्स छूट की सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपये कर दी गई है। इससे उन लाखों वेतनभोगी कर्मचारियों को लाभ होगा जो अब रिटायर होने वाले है या जो 12 महीने पहले तक रिटायर हो चुके हैं। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने ट्वीट कर बताया, इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 10(10)(3) के तहत ग्रैच्युइटी पर आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के सभी कर्मचारियों एवं पेमेंट ऑफ ग्रैच्युइटी ऐक्ट में कवर नहीं होने वाले दूसरे कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

हालांकि, सरकार ने इसकी जानकारी नहीं दी कि किस तारीख से टैक्स छूट लागू होगी। ग्रैच्युइटी ऐक्ट उन सभी कर्मचारियों पर लागू होता है जो ऐसे संगठन में काम करते हैं जहां एक वर्ष में 10 या इससे ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी पर रखा जाता है। टैक्स छूट की सीमा बढ़ाने से पहले सभी कर्मचारियों के लिए टैक्स छूट की सीमा दोगुनी करने के लिए कानून में संशोधन किया गया था। श्रम मंत्रालय ने बताया था कि यह 29 मार्च 2018 से लागू किया गया है। नोटिफिकेशन जारी होने के 11 महीने बाद टैक्स छूट का ऐलान किया गया है। इससे उन लोगों के लिए कागजी कार्रवाई का बोझ बढ़ेगा जो 31 मार्च 2018 तक रिटायर हो चुके थे।

# धोनी का विश्वकप टीम में होना अहम रहेगा: सुरेश रैना

नयी दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर सुरेश रैना ने कहा है कि भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी दुनिया के सबसे अच्छे फिनिशर हैं और विश्वकप में भारत के मध्यक्रम में उनका होना भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले रैना ने कहा, धोनी के लिए बेहतर है कि वह पांचवें या छठे स्थान पर बल्लेबाजी करें। उन्हें खेल की अच्छी समझ है और उनके पास वर्षों का अनुभव है। जब भी टीम को जरुरत पड़ी है उन्होंने बेहतरीन पारी खेली है और टीम को दिलाई है। धोनी जैसे मैच को खत्म करते हैं वो बेजोड़ है।

## आज का राशिफल

मेषः- आज के दिन अपने निजी विचारों पर सोचसमझकर कार्य करने की सलाह गणेशजी दे रहे हैं। परिजनों के कार्य करते समय आपको समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभः- आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावनाएं हैं। मन में उत्साह और विचारों की स्थिरता के कारण सभी कार्य आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुनः- आपकी वाणी और वर्तनी के कारण भ्रांति खड़ी न हो इसका ध्यान रखें। आवेश और उग्रता पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आंखों में तकलीफ हो सकती है।

कर्कः- आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिता सकते हैं। जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए आज विवाह से जुड़े शुभ संयोग बने हैं।

सिंहः- आपके कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव आज पड़ेगा। उच्च अधिकारियों पर आपके कार्य का सकारात्मक असर होने से आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप आज अपना कार्य दृढ़ मनोबल और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ संपन्न करेंगे।

कन्याः- आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। मन चिंता से व्यग्र रहेगा। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा।

तुलाः- किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा न करें। क्रोध न करें। वाणी और वर्तन पर संयम बरतना आप ही के हित में है। शत्रुओं से भी सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिकः- आज का दिन आपके लिए मनोरंजन का दिन है। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक में आज का दिन बहुत अच्छी तरह से बीतेगा। वस्त्राभूषण, वाहन और भोजन का अच्छा सुख प्राप्त होगा।

धनुः- आज का दिन आपके लिए बहुत अनुकूल है ऐसा गणेशजी कहते हैं। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रूप से प्रफुल्लता का अनुभव करेंगे।

मकरः- आज के दिन शारीरिक रूप से आलस्य, थकान, अशक्ति रहने के कारण अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। मानसिक रूप से भी आपको चिंता सताएगी।

कुंभः- स्वभाव में हठीलापन छोड़ने के लिए गणेशजी आप को सूचित करते हैं। अधिक भावुकता के कारण मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। सामाजिक रूप से सम्मान का भंग न हो इसका ध्यान रखें।

मीनः- आवश्यक निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ है। सृजनात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। विचारों में स्थिरता तथा मन में दृढ़ता रहने से आप अपना कार्य बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे।

# जानें कैसे अलग करने की चाह ने उन्हें दिलाया मुकाम

संतोष पालावेश ऐसे युवा उद्यमी हैं, जिन्होंने वीडियो गेम खेलने से लेकर फिल्म बनाने की अपनी रुचियों को एक बिजनेस का रूप दिया। वे 'यूएमएम स्टूडियो' के संस्थापक हैं, जो देश की शीर्ष डिजिटल कंसल्टिंग फर्म में से एक है। यह मुकाम उन्हें आम ढर्रे से कुछ अलग करने की चाह से मिला है।



**कैसे हुए प्रेरित**


स्कूल के दिनों में संतोष को कंप्यूटर गेम्स से काफी लगाव था। उनके पास ढेर सारे नए गेम्स की सीडी होतीं। वे दोस्तों के कंप्यूटर में हरेक गेम इंस्टॉल करने पर कुछ भुगतान भी लेते थे। इस तरह पॉकेटमनी के साथ ही उन्हें चीजों को बेचने का अनुभव भी मिला। 12वीं के बाद जब इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लिया, तब वहां सिर्फ पढ़ाई तक ही केंद्रित होना उन्हें रास ना आया।

वे पढ़ाई से अलग भी कुछ करना चाहते थे। जब मोबाइल फोन के साथ कैमरे आने लगे, तो संतोष ने वीडियो शूट करना शुरू किया। उन्होंने जल्दी ही वीडियो एडिट करना और उन्हें संगीत देना भी सीख लिया। 'यूट्यूब' तब आया ही था। इससे उन्हें शॉर्ट फिल्म बनाने में मदद मिली। दोस्तों के साथ 2007 में शुरू हुआ फिल्म बनाने का कारवां आगे बढ़ चला।

उन्होंने कॉलेज स्तर पर कई प्रतियोगिताएं जीतीं। उन्होंने अपनी सफलता से उत्साहित होकर अपनी टीम को नाम दिया-यूनाइटेड मूवी मेकर। यहां से संतोष ने 'मूवी मेकिंग' को गंभीरता से लेना शुरू किया। आगे उन्होंने सहायक निर्देशक और कैमरामैन के तौर पर काम किया। वे 'रूटीन जॉब' करना नहीं चाहते थे, इसलिए कॉलेज से बेहतर प्लेसमेंट मिलने के बाद भी नौकरी के लिए उन्होंने मना कर दिया। उन्होंने काफी सोच-विचार के बाद फिल्म बनाने के अपने अनुभव को बिजनेस समूहों के लिए 'वीडियो एड' बनाने में लगाया। यहां से उनके स्टार्टअप 'यूएमएम स्टूडियो' की शुरुआत हुई।

# हमारी तेज गेंदबाजी में कोई कमी नहीं : मंधाना

गुवाहाटी (आरएनएस)। भारतीय महिला ट्वंटी-20 क्रिकेट टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की ट्वंटी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि टीम की तेज गेंदबाजी में कोई कमी नहीं है। सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए थे और भारत को इस मैच में 41 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान मंधाना ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमारी तेज गेंदबाजी में कोई कमी है। झूलन गोस्वामी एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और मुझे लगता है कि तेज गेंदबाजों को हमें मौके देने चाहिए और मुझे पूरी उम्मीद है कि वे मैच जिताऊ प्रदर्शन करेंगे। मंधाना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी और लक्ष्य का पीछा करना बेहतर समझा था। लेकिन भारतीय बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से टीम को हार का सामना करना पड़ा। मंधाना ने कहा कि उन्हें टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने के उनके फैसले पर कोई अफसोस नहीं है।



# भारतीय पुरुष टीम ने शतरंज चैंपियनशिप में ईरान से ड्रॉ खेला

अस्ताना (आरएनएस)। ग्रैंडमास्टर बी अधिबान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व जूनियर चैंपियन परहाम माघसोड्लो को हराया जिससे भारत ने यहां विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप में ईरान को 2-2 से बराबरी पर रोका। इदानी पोया ने अनुभवी कृष्णन शशिकिरण को हराकर मुकाबले को ड्रा कराया।

सूर्य शेखर गांगुली और एसपी सेतुरमन ने क्रमशः आमिन तबाताबेई और फिरोजा अलिरजा से ड्रा खेले। इस ड्रॉ से भारतीय टीम ने संभावित चार में से तीन अंक जुटा लिए हैं और चौथे स्थान पर चल रही है। प्रत्येक दो साल में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नमेंट में अभी सात दौर का खेल बाकी है। दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अमेरिका ने किया जिससे अपने शीर्ष खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में भी गत चैंपियन चीन को 2.5-1.5 से हराया।

अन्य मुकाबलों में रूस ने मिस्र को 3-1 से हराया जबकि इंग्लैंड ने अजरबेजान को शिकस्त दी।

# ऐसे बनाएं घर पर सॉफ्ट रसगुल्ले

बंगाल की सबसे फेमस मिठाइयों में से एक रसगुल्ला बहुत खास होता है. लेकिन बंगाल में चीनी की चाशनी से ज्यादा गुड़ की चाशनी वाला रसगुल्ला बनाया जाता है. इसे खजूर और साधारण गुड़ से बनाया जाता है. हम आपको ऐसे ही रगुल्ले की रेसिपी बता रहे हैं.



एक नजर

रेसिपी क्विजीन : इंडियन

कितने लोगों के लिए : 2 - 4

समय : 30 मिनट से 1 घंटा

मील टाइप : वेज

आवश्यक सामग्री

1 लीटर दूध

500 ग्राम गुड़ कसा हुआ

2 कप शक्कर

1 टीस्पून अरारोट

नींबू का रस आवश्यकता अनुसार

पानी जरूरत के अनुसार

विधि

- सबसे पहले एक कड़ाही में दूध को उबालें, साथ ही इसमें आधा कप पानी भी मिला लें.
- दूध में उबाल आने के बाद गैस बंद कर दें. जब दूध थोड़ा ठंडा हो जाए तो इसमें नींबू का रस थोड़ा-थोड़ा डालते जाएं और चम्मच से चलाते जाएं.
- जब दूध पूरा फट जाए तो छेना को एक साफ कपड़े में छान लें.
- छेने को साफ पानी में धोलें जिससे कि इसमें से नींबू का खट्टापन निकल जाए.
- इस छेने को कपड़े में पोटली की तरह बांध दें. पोटली को 30 मिनट के लिए लटकाकर रखें.
- इसके बाद छेना को थाली में निकाल लें और इसे मैश कर चिकना कर आटा जैसा बना लें.
- फिर छेना में अरारोट मिक्स कर के उसे 4-5 मिनट और मैश करें और गूंदकर चिकना कर लें.
- अब रसगुल्ला बनाने के लिए छेना तैयार है.
- छेने से छोटे-छोटे बॉल बनाएं और एक प्लेट में रख दें.
- चाशनी के लिए एक भगोने में चीनी कद्दूकस किया हुआ गुड़ और पानी डालकर घुलने तक उबालें.
- अब रसगुल्लों को चाशनि में डाल दें और ढककर 15 मिनट तक तेज आंच पर रखें.
- आंच बंद करके रसगुल्लों को कुछ देर तक चाशनी में रहने दें. आप चाहें तो ठंडा होने के बाद फ्रिज में भी रख सकते हैं.
- गुड़ की चाशनी वाले रसगुल्ले तैयार हैं.


## शब्द सामर्थ्य-99

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 98 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू-99

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.98 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |